मेरे महाकाल

तुम कालों के काल बाबा मेरे महाकाल...
दुनिया भी जाने तू हे कालों का काल
डरे तुझसे भी काल ओ मेरे महाकाल
तुम कालों के काल बाबा मेरे महाकाल......

दुनिया दीवानी है तेरी शान भी निराली है,
डरते नहीं भगत चाहे रात काली है -2
सारे नंदी साथ- साथ डमरू त्रिशूल एक हाथ,
सारे ही मस्ती में नाचे-नाचे महाकाल।
डरे तुझसे भी काल ओ मेरे महाकाल
तुम कालों के काल बाबा मेरे महाकाल......

जब तक सिर पर हाथ शंभू नाथ का,
डर किस बात का मैं बंदा महाकाल का -2
गले नीलकंठ है सिर पर त्रिपुंड है
तन पर बाघ अंबर और गले मुंड माल।
डरे तुझसे भी काल ओ मेरे महाकाल
तुम कालों के काल बाबा मेरे महाकाल......

कर्ता करे न कर सके, शिव करे सो होय,
तीन लोक नौ खंड में, महाकाल से बड़ा न कोय...
ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्।।

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/22819/title/mere-mahakal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |